दिनांकः 20.05.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की यात्रा के अंतिम चरण में इटली पहुंचे–इससे पहले नॉर्वे में तीसरे भारत–नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में शामिल हुए।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज बांसवाड़ा के चुड़ादा गांव में रात्रि चौपाल में लोगों से संवाद का कार्यक्रम।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से राजस्थान के तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम को उत्कृष्ट कार्य के लिए दक्षिण–पूर्व एशिया क्षेत्र का पहला पुरस्कार मिला।
- चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के अस्पतालों में हीटवेव प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये।

.....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की यात्रा के पांचवें और अंतिम चरण में इटली पहुंच गए हैं। नॉर्वे की दो दिन की यात्रा के दौरान श्री मोदी ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोरे के साथ बैठक की। प्रधानमंत्री ने नॉर्वे की राजधानी ओसलो में तीसरे भारत–नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भी भाग लिया। इस मौके पर श्री मोदी ने बताया कि नॉर्डिक देशों के साथ भारत की नवाचार रणनीतिक भागीदारी अगले स्तर पर ले जाने का निर्णय लिया गया है।

....................

प्रधानमंत्री ने भारत–नॉर्डिक संबंधों में विस्तार का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में व्यापार में चार गुना वृद्धि हुई है। 10 वर्षों में देश का बाइलेटरल ट्रेड लगभग चार गुना बढ़ा है नॉर्डिक देशों के इन्वेस्टमेंट फंड भी भारत की रैपिड ग्रोथ में अहम साझेदार बन रहे हैं। पिछले एक दशक में नॉर्डिक देशों से भारत में निवेश में लगभग 200 परसेंट की बढ़ोतरी हुई है। वैश्विक तनाव और संघर्ष के इस दौर में भारत और नॉर्डिक देश साथ मिलकर एक रूल्स बेस्ड ग्लोबल ऑर्डर को बल देते रहेंगे और यूक्रेन हो या वेस्ट एशिया, संघर्ष की शीघ्र समाप्ति और शांति के प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे।

.....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ग्राम विकास चौपाल की कड़ी में आज बांसवाड़ा पहुंचेंगे। श्री शर्मा चुड़ादा गांव में रात्रि चौपाल में ग्रामीणों के साथ संवाद करेंगे। वहीं कल सुबह गांव का पैदल भ्रमण कर लोगों से बातचीत करेंगे। गौरतलब है कि ग्राम विकास चौपालों के माध्यम से मुख्यमंत्री ग्रामीणों से सीधा संवाद कर रहे हैं। साथ ही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में फीडबैक भी ले रहे हैं। मुख्यमंत्री का कल डूंगरपुर पहुंचने का कार्यक्रम है। वे चौरासी क्षेत्र के धंबोला गांव में ग्राम विकास चौपाल करेंगे।

.....................

राज्य सरकार ने देर रात 17 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिये। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेशों के अनुसार एक एडीजी, चार आईजी, दो डीआईजी और सात जिलों के एसपी बदले गये हैं। हरेन्द्र कुमार महावर को कोटा रेंज का आईजी बनाया गया है। वहीं चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, डीडवाना–कुचामन, टोंक, भरतपुर, नागौर और दौसा के एसपी बदले गये हैं। एडीजी लता मनोज कुमार को सिविल राइट्स से कम्यूनिटिंग पुलिस में भेजा गया है। वहीं एडीजी हवा सिंह घुमरिया को एडीजी सिविल राइट्स का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

.....................

राजस्थान विधानसभा की स्थापना के उपलक्ष में चलने वाले अमृत महोत्सव के तहत इस साल चार बड़े कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। ये उत्सव विधायिका को समर्पित होगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि अमृत महोत्सव के जरिये परम्परा, नवाचार और जन विश्वास एक साथ नजर

आएगा। श्री देवनानी कल विधानसभा में राष्ट्र मंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा की कार्य कारिणी समिति की बैठक में बोल रहे थे।

....................

राज्य में सहकारिता उपभोक्ता भंडार और क्रय–विक्रय सहकारी समितियों की ओर से चलाये जा रहे सभी दवा बिक्री केन्द्र और प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र आज खुले हैं। ये केन्द्र सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक खुले रहेंगे। सहकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि दवा विक्रेताओं की प्रस्तावित हड़ताल के कारण लोगों को परेशानी से बचाने के लिए ये निर्णय लिया गया है। प्रदेशभर में कुल 538 दवा केन्द्र संचालित हैं, जिन पर लगभग 2 हजार तरह की दवाईयां उपलब्ध हैं।

....................

विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यू.एच.ओ. की ओर से राजस्थान के तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। वर्ल्ड नो टोबैको डे–2026 में राज्य के चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग को दक्षिण–पूर्व एशिया क्षेत्र में पहला पुरस्कार मिला है। और ब्यौरा दे रही हैं न्यूज डेस्क से हमारी सहयोगी सालेहा गाजी –

..................

प्रदेश में प्री डी.एल.एड. परीक्षा आज आयोजित की जा रही है। वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा की ओर से इसका आयोजन किया जा रहा है। ये परीक्षा दो पारियों में हो रही है। करौली जिले में इसके लिए 25 और बारां जिले में 24 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं।

....................

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने 12वीं कक्षा बोर्ड परीक्षा 2026 की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियों के लिए आवेदन की आखिरी तारीख एक दिन और बढ़ा दी है। उम्मीदवार अब 23 मई तक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

वहीं एनटीए की ओर से नीट यूजी परीक्षा 21 जून को दोबारा लिये जाने की घोषणा के बाद शिक्षा नगरी कोटा में देशभर से विद्यार्थियों की वापसी शुरू हो गई है। शहर के छात्रावासों, पुस्तकालयों और कोचिंग संस्थानों में विद्यार्थियों की चहल–पहल नजर आने लगी है।

....................

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने प्रदेश के अस्पतालों में हीटवेव प्रबन्धन के लिए पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। श्री खींवसर कल जयपुर से वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लू और तापघात, मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा एचपीवी वैक्सीन की प्रगति सहित अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने प्रदेश में भीषण गर्मी की स्थिति को देखते हुए अस्पतालों में हीटवेव से प्रभावित मरीजों के लिए बैड आरक्षित करने तथा आवश्यक दवाईयां और कूलिंग उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

....................

प्रदेश में प्रचंड गर्मी का दौर बना हुआ है। गर्म हवाओं से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो रहा है। कल प्रदेश के नौ शहरों में दिन का पारा 44 डिग्री से अधिक रहा। चित्तौड़गढ़, अलवर, पिलानी, श्रीगंगानगर, दौसा, चूरू, करौली और कोटा में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप रहा। वहीं फलौदी, चित्तौड़गढ़, कोटा और जयपुर में रात का पारा 30 डिग्री के ऊपर मापा गया। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार तापमान में गिरावट आई है, किन्तु तेज गर्मी का असर बरकरार है। आज दक्षिण–पूर्वी भागों औ सीमावर्ती जिलों में कीहं–कहीं हीटवेव की चेतावनी है।

....................

श्रीगंगानगर निवासी मानव सुथार का भारतीय क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। वे भारत–अफगानिस्तान के बीच होने वाली टेस्ट और वन डे सीरीज में खेलेंगे। मानव लेफ्ट आर्म स्पीनर बॉलर और बल्लेबाज भी हैं। सुथार की इस उपलब्धि से जिलेभर में खुशी का माहौल है।

....................